कोटद्वार,गुरूवार
6 जून 2024
वर्षः 46
अंकः 46 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पेयजल का राजकीयकरण न होने पर 21 जून से हड़ताल का ऐलान

देहरादून। पेयजल एजेंसियों के राजकीयकरण की मांग पूरी न होने पर जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने 21 जून से हड़ताल का ऐलान कर दिया है। मोर्चा ने दोनों पेयजल एजेंसियों के मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाया। वादाखिलाफी को लेकर शासन को भी निशाने पर लिया। शासन को पेयजल कर्मचारियों, पेंशनर्स को ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान सुनिश्चित किए जाने का भी वादा याद दिलाया। मोर्चा संयोजक रमेश बिंजौला ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि शासन के आश्वासन पर ही कर्मचारियों ने चुनाव से पहले हड़ताल को स्थगित किया था। आश्वासन दिया गया था कि चुनाव आचार संहिता के बीच पेयजल के राजकीयकरण और ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान की सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया जाएगा। आचार संहिता के तीन महीने गुजरने के बाद भी इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। आदेश होना तो दूर, अभी तक शासन ने होमवर्क तक पूरा नहीं किया है। ऊपर से पेयजल एजेंसियों के मैनेजमेंट भी लगातार अड़चन डाल रहे हैं। इसके खिलाफ कर्मचारी जल्द पोल खोल अभियान शुरू करेंगे। संयोजक विजय खाली ने कहा कि पेयजल को राजकीय विभाग बना कर जल निगम और जल संस्थान का एकीकरण किया जाना है। ये काम सालों से लंबित पड़ा है। इसका पेयजल एजेंसियों के साथ खुद सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है। पेयजल एजेंसियां पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता को लेकर एक दूसरे के पाले में गेंद उछालती रहती हैं। निर्माण करने वाली एजेंसी संचालन पर सवाल उठाती है, तो संचालन करने वाली एजेंसी निर्माण में ही खोट बताती है। इसके कारण करोड़ों का बजट खर्च करने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल पाता। इस अव्यवस्था और कर्मचारी हितों को लेकर 11 जून को पहले जल संस्थान मुख्यालय पर प्रदर्शन होगा। इसके बाद हड़ताल का ऐलान 21 जून को किया जाएगा।

### अखिलेश–ममता दोनों के तारणहार कैसे बने मुसलमान, एसपी की सीटों में 8 गुना उछाल; टीएमसी भी मालामाल

नई दिल्ली। सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट हो चुका है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने जा रही है। हालांकि, 2019 के मुकाबले एनडीए और भाजपा दोनों की सीटों में कमी आई है। एनडीए को 2019 के मुकाबले 60 सीटें कम मिली हैं, जबकि इंडिया अलायंस को 103 सीटें ज्यादा मिली हैं। इंडिया अलायंस को इस बार कुल 232 सीटें मिली हैं, जबकि एनडीए को कुल 293 (बहुमत से 21) सीटें मिली हैं।

भाजपा 240 सीट जीतकर लगातार तीसरी बार सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस है, जिसे 99 सीटें मिली हैं। इसके बाद अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी है, जिसने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 37 सीटें जीती हैं। चौथे नंबर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस है, जिसे 29 सीटें मिली हैं। समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के बीच सबसे बड़ी समानता यह रही कि इन दोनों ही दलों को मुसलमानों ने ये बड़ी जीत दिलाई है। दोनों ही राज्यों (उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल) में मुस्लिमों ने निर्णायक रूप से भाजपा के खिलाफ इन दोनों दलों के पक्ष में वोट किया, जिससे इनकी सीटों में बड़ा उछाल दर्ज किया गया है।

### ओडिशा में कौन होगा बीजेपी का पहला सीएम ? भरोसेमंद चेहरे पर लगेगी मुहर या सरप्राइज देगी पार्टी

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओडिशा में अगली सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए तैयार है। हाल ही सम्पन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। ओडिशा का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर अटकलें तेज हैं। कई विश्लेषकों के अनुसार, 2004 से भाजपा सांसद (एमपी) और 2021 से मौजूदा वक्त में नरेंद्र मोदी कैबिनेट में शिक्षा मंत्री और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने की स्थिति में सीएम पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं।

# नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए प्रभावी प्रयास करें : धामी

### वनाग्नि संभावित क्षेत्रों में नमी संरक्षण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए




**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान, 2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल संरक्षण और जल संचय की दिशा में तेजी से कार्य किये जाए। नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। इसके लिये सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। 10 से 16 जून 2024 तक प्रदेशभर में जल उत्सव सप्ताह व्यापक स्तर पर मनाया जाय।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में कहा कि वैज्ञानिक आधार पर जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण के लिए तेजी से कार्य किये जाए। इसके लिए यूकॉस्ट, यूसर्क एवं जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए कार्य करने वाली अन्य संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान को सफल बनाने में जन सहभागिता बहुत अहम होती है। जल संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में कार्य करने वालों के साथ ही इस दिशा में जन भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन नदियों और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए अभी तक चिन्हित किया गया है, उनका बेस लाईन डाटा भी बनाया जाय। इनके पुनर्जीवीकरण के लिए लघुकालिक और दीर्घकालिक योजना के साथ कार्य किए जाए। वर्षा जल संचय की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वनाग्नि से संभावित क्षेत्रों में वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए ऐसे क्षेत्रों में नमी संरक्षण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए वन विभाग पूरी योजना बनाकर कार्य करें। जो जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं, उनके संरक्षण के लिए सुनियोजित तरीके से कार्ययोजना बनाकर कार्य किए जाएं। चाल–खाल और अमृत सरोवरों के निर्माण में और तेजी लाई जाय। शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण संचय और संरक्षण के लिए प्रभावी तरीके से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी हरेला पर्व से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए। यह अभियान एक माह तक चलाया जाए। फलदार और छायादार वृक्षों का अधिक रोपण किया जाए।

वृक्षारोपण के साथ उनका संरक्षण सबसे अधिक जरूरी है, इनके संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, सचिव शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, विनय शंकर पाण्डेय, एस.एन. पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, एच.सी. सेमवाल, डॉ. पराग मधुकर धकाते, शासन के वरिष्ठ अधिकारी और वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## नवीन पटनायक ने ओडिशा के सीएम पद से दिया इस्तीफा



भुवनेश्वर,ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद बुधवार को राज्यपाल रघुबर दास से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया।

सीएम पटनायक अपने दो दशक से अधिक लंबे राजनीतिक करियर में पहली बार विधानसभा में विपक्ष की बेंच पर बैठेंगे। पटनायक बुधवार सुबह राज्यपाल के घर गए और अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की पटनायक के आवास पर एक बैठक हुई जिसमें भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।

पटनायक ने पहली बार 5 मार्च, 2000 को ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। तब उनकी पार्टी अपने पिता और पूर्व सीएम बीजू पटनायक की लोकप्रियता पर सवार होकर सत्ता में आई थी। नवीन पटनायक 24 साल तक सत्ता में रहने के बाद सीएम की कुर्सी छोड़ेंगे। छठी बार मुख्यमंत्री बनने का उनका सपना सत्ता विरोधी लहर के कारण चकनाचूर हो गया। बीजद इस बार सिर्फ 51 सीटें ही हासिल कर पाई, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में उसे 112 सीटें मिली थीं। भारतीय जनता पार्टी ने 147 सदस्यीय विधानसभा में 78 सीटें जीतकर बीजद से सत्ता छीन ली है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम पद से दिया इस्तीफा, राष्ट्रपति ने स्वीकार किया



नईदिल्ली,नरेंद्र मोदी बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. वह राष्ट्रपति भवन पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंपा. राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार कर लिया है और उन्हें कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहने को कहा है. पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू की मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें वह इस्तीफा सौंपते हुए नजर आ रहे हैं. पीएम मोदी दिल्ली में एनडीए की होने वाली बैठक से पहले राष्ट्रपति मुर्मू को इस्तीफा सौंपा है.

दरअसल, बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को 294 सीटों के साथ बहुमत मिला है. ऐसे में एनडीए की सरकार बनने की प्रबल संभावना है. बीजेपी को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है. इस वजह से राजनीतिक गलियारों में चर्चा हो रही है कि कहीं एनडीए के सहयोगी दल उसे छोडक़र नहीं चले जाएं.अगर ऐसे हालात बनते हैं तो एनडीए के लिए फिर से सत्ता में आना मुश्किल हो जाएगा. सबसे ज्यादा चर्चा बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू चीफ नीतीश कुमार और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को लेकर हो रही है. हालांकि, दोनों ही नेताओं ने इशारों–इशारों में एनडीए के साथ होने की बात कही है.दिल्ली में बुधवार को एनडीए की बैठक हो रही है, जिसमें हिस्सा लेने के लिए इसके सभी सहयोगी दलों के प्रमुख नेता पहुंच रहे हैं. नीतीश कुमार भी दिल्ली पहुंच चुके हैं. चंद्रबाबू नायडू भी पहुंचने वाले हैं. इस बैठक में सरकार बनाने और आगे की रणनीति की बैठक पर चर्चा होने वाली है. बीजेपी पूरी तरह से आश्वस्त नजर आ रही है कि सरकार बनने वाली है. इस वजह से ही 7 जून को संसद भवन में एनडीए के सभी सांसदों की बैठक बुलाई गई है.

### लोकसभा चुनाव नतीजों से नाराज मायावती मुस्लिम समाज पर भडक़ी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम घोषित हो चुके हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश के नतीजों ने सबको चौंका दिया।प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हारने वाली बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती ने बुधवार को अपना संदेश जारी कर मुस्लिम समाज के प्रति नाराजगी जताई।उन्होंने लिखा, दलित वर्ग खासकर मेरी जाति के लोगों ने अपना वोट बीएसपी को देकर मिशनरी भूमिका निभाई। पार्टी का खास अंग मुस्लिम समाज अभी भी पार्टी को ठीक से नहीं समझ पा रहा।

मायावती ने आगे लिखा, पार्टी ने मुस्लिम समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया था। ऐसी स्थिति में अब पार्टी इनको सोच समझकर ही आगे मौका देगी। ताकि पार्टी को भविष्य में इस बार की तरह भयंकर नुकसान न हो। बता दें कि 2014–2019 चुनावों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भाजपा को अधिकतर सीटों पर लोगों ने नकारा, वहीं कांग्रेस को फिर जीवनदान मिला।

## ट्रैकिंग में एडवेंजर का मजा बना सजा, उत्तराखंड में 5 ट्रैकर्स की मौत, रेस्क्यू कर 13 की जान बचाई



उत्तरकाशी । उत्तराखंड में एडवेंजर का मजा लेने के लिए ट्रैकिंग करने के लिए निकले टैकर्स पर खराब मौसम मुसीबतों का पहाड़ बनकर टूट पड़ा है। उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल ट्रैक पर गए टैकर्स फंस गए थे। पुलिस को सूचना मिलने रेस्क्यू ऑपरेशन को शुरू किया गया था। एसडीआरएफ–पुलिस की टीमों ने फंसे ट्रैकर्स को सुरक्षित निकाल अस्पताल में भर्ती करवाया। ट्रैकिंग रूट से ट्रैकर्स के पांच शवों को भी निकाला गया।

उत्तरकाशी जिले के एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया की ट्रैकिंग के लिए एक दल 31 मई को भटवाड़ी से रवाना हुआ था। दल में 18 कर्नाटक और 01 महाराष्ट्र का टैकर थौ। इसके अलावा, दल के साथ 03 पोर्टर और लोकर गाइड भी शामिल था। बताया कि पिछले 03 मई को ट्रैकिंग रूट पर मौसम खराब होने के कारण 04 ट्रैकर्स की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि 09 ट्रैकर्स का स्वास्थ्य खराब हो गया था।

बताया कि इनमे 07 टैकर्स धर्मशाला बेस कैंप में व दो लोग कुश कल्याण की ओर फंसे हुए है। राहत की बात यह रही थी कि सभी लोग सुरक्षित है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमों ने खराब मौसम की वजह से फंसे ट्रैकर्स को निकालने के लिए एसडीआरएफ के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। राहत व बचाव टीम द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए फंसे ट्रैकर्स को रेस्क्यू किया गया। ट्रैकर्स को रेस्क्यू करने के बाद सभी को हेलीकॉप्टर से देहरादून भेजा गया, जहां उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**ट्रैकर्स को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में ट्रैक में फंसे आठ ट्रैकर्स को रेस्क्यू कर लिया गया है। सभी ट्रैकर्स को देहरादून स्थित कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर सभी की हालत सामान्य बनी है। सभी ट्रैकर्स कर्नाटक बेंगलुरु के रहने वाले हैं। वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर ज्योति डबराल और वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर परमार्थ जोशी ने उनका इलाज किया। बताया कि सोमवार शाम तक सभी को डिस्चार्ज कर होटल में शिफ्ट कर दिया जाएगा। अस्पताल में भर्ती ट्रैकर्स का स्वास्थ्य ठीक है और वह किसी भी खतरे से बाहर हैं, लेकिन ज्यादा बात करने की स्थिति में नहीं हैं।

# चंद्रयान ने कर दिया कमाल, पत्थर और मिट्टी के नमूने लेकर धरती की तरफ किया कूच



नई दिल्ली । चीन ने भी भारत के चंद्रयान–3 की तरह अपने चंद्रायन की सॉफ्ट लैंडिंग चंद्राम की सतह पर कराई। अब चीन का दावा है कि चंद्रमा के सुदूर हिस्से से पत्थर और मिट्टी के नमूने लेकर एक अंतरिक्षयान चंद्र सतह से वापस पृथ्वी पर आने के लिए रवाना हो गया है। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन ने कहा कि चांग ई–6 अंतरिक्षयान के ह्यएसेंडरह्न ने बीजिंग के समयानुसार मंगलवार को सुबह उड़ान भरी और उसने चंद्रमा के पास पहले से निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। पिछले महीने किया गया था लॉन्च

इस अंतरिक्षयान को पिछले महीने प्रक्षेपित किया गया था और इसका ह्यलैंडरह्न रविवार को चंद्रमा की एक सुदूर सतह पर उतरा। चीन की शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अंतरिक्ष एजेंसी के हवाले से बताया कि अंतरिक्षयान ने योजना के तहत यान के ह्यएसेंडरह्न के अंदर रखे एक कंटेनर में नमूने एकत्रित किए। इस कंटेनर को एक ह्यरी–एंट्री कैप्सूलह्न में रखा जाएगा जो 25 जून के आसपास चीन के आंतरिक मंगोलिया क्षेत्र के रेगिस्तान में पृथ्वी पर उतरेगा।

चीन के चंद्रयान चांग ई–6 मिशन को चंद्रमा के रहस्यमय सुदूर हिस्से से नमूने एकत्र करने और फिर पृथ्वी पर वापस लाने का काम सौंपा गया है। मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में अपनी तरह का यह पहला प्रयास है। सीएनएसए ने कहा कि लॉन्ग मार्च–5 वाई8 रॉकेट, चांग ई–6 को ले जाएगा। चांग ई–6 अंतरिक्ष यान में एक ऑर्बिटर, एक लैंडर, एक आरोही और एक रिटर्नर शामिल है। यान अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विकसित चार पेलोड ले जाएगा। फ्रांस, इटली और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरण चांग ई–6 लैंडर पर हैं, जबकि पाकिस्तान का एक छोटा उपग्रह ऑर्बिटर पर है।सीएनएसए द्वारा 12 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लगभग 50 मेहमानों को चांग ई–6 द्वारा ले जाए गए अंतरराष्ट्रीय पेलोड पर केंद्रित एक कार्यशाला में भाग लेने और हैनान में लॉन्च का गवाह बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। अपोलो बेसिन के रूप में जाना जाने वाला एक प्रभाव क्रेटर, जो चंद्रमा के दूर की ओर दक्षिणी ध्रुव–एटकेन बेसिन के भीतर स्थित है, को चांग ई–6 मिशन के लिए प्राथमिक लक्ष्य लैंडिंग और नमूना स्थल के रूप में चुना गया है।

### पीएम मोदी का दिखा खास असर, उत्तराखंड लोकसभा चुनाव में लोकल मुद्दे हुए बेअसर

देहरादून। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों की आवाज बने महंगाई, बेरोजगारी और पहाड़ से पलायन के मुद्दे चुनाव परिणाम आने के बाद बेअसर साबित होते दिखाई दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शख्सियत और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यों पर भरोसा जताते हुए मतदाताओं ने ऐसे मुद्दों को दरकिनार कर दिया। मंगलवार को आए चुनाव परिणाम में कुमाऊं की दोनों संसदीय सीटें भाजपा की झोली में गईं। नैनीताल–ऊधमसिंह नगर सीट पर जहां पार्टी प्रत्याशी अजय भट्ट ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की, वहीं अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ सीट पर भी अजय टम्टा ने अपना वर्चस्व साबित किया। कुमाऊं में कांग्रेस नेताओं के प्रभाव वाले कई क्षेत्रों में भी दोनों संसदीय सीटों के भाजपा प्रत्याशी मतदाताओं में छाप छोड़ने में कामयाब रहे। कुमाऊं में ऊधमसिंह नगर जिले के तराई क्षेत्र से कांग्रेस के सर्वाधिक विधायक हैं। यहां भी प्रधानमंत्री मोदी की रुद्रपुर रैली ने पासा पलट दिया। नतीजतन, यूएस नगर जिले में केवल जसपुर विधानसभा क्षेत्र में ही कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त मिली। जबकि नैनीताल जिले के किसी भी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस बढ़त नहीं ले पाई। कुमाऊंके इन दोनों संसदीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री धामी ने भी ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां और रोड शो कर मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मोड़ने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

## अस्थायी कार्यालय के लिए आप के अनुरोध पर छह सप्ताह के भीतर फैसला ले केंद्र

### –दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा



नई दिल्ली, दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह अस्थायी कार्यालय के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के अनुरोध पर छह सप्ताह के भीतर फैसला करे। केंद्र सरकार ने आप को राउज एवेन्यू स्थित उसका वर्तमान कार्यालय 15 जून तक खाली करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि आप को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर कार्यालय के लिए उस आवासीय इकाई की मांग करने का कोई हक नहीं है जहां वर्तमान में उसके एक मंत्री रह रहे हैं और पार्टी का अस्थायी कार्यालय ले जाना चाहती है। हालांकि अदालत ने इस तथ्य को स्वीकार किया कि आप को भी सरकारी आवास के जेनरल पूल से एक इकाई के आवंटन का हक है। उसने आप के आवेदन को अस्वीकार करने की पीछे अनुपलब्धता के तर्क को खारिज कर दिया। आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने तर्क दिया कि एक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में कार्यालय निर्माण के लिए स्थायी तौर पर भूमि आवंटन तक अस्थायी कार्यालय के लिए जगह पाना आप का हक है।

# गंगोत्री–केदारनाथ चारधाम यात्रा रूट पर खराब मौसम से आफत, बारिश पर दो–तीन दिन अलर्ट



देहरादून। गंगोत्री–केदारनाथ चारधाम यात्रा रूट तीर्थ यात्रियों के लिए परेशानी खड़ा कर सकता है। तेज हवाओं और बारिश के बाद यात्रा रूट खराब मौसम आफत ले कर आ सकता है। उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में 6 जून से अगले दो से तीन बारिश के आसान बने हुए है। पूर्वानुमान में प्रदेशभर में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा आदि जिलों में बारिश का पूर्वानुमान है। खराब मौसम और बारिश के अलर्ट के बाद चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों से अपील है कि वह रात होने से पहले अपने गंतव्य में सुरक्षित पहुंच जाएं।

बारिश की वजह से भूस्खलन से बढ़ती है दिक्कत

चारधाम यात्रा रूट पर बारिश को लेकर अलर्ट के बाद प्रशासन भी एक्टिव हो गया है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में बारिश के बाद अकसर भूस्खलन देखने को मिलता है। भूस्खलन की वजह से मुख्य सड़कों और नेशनल हाईवे पर गाड़ियों की आवाजाही प्रभावित होती है।

सड़क पर बड़े–बड़े पत्थर गिरन से रास्ता बंद हो जाता है जिसकी वजह से दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी–लंबी लाइनें लग जाती हैं।

दूसरी ओर, रास्ता बंद होने की स्थिति में भक्तों की रातभर सड़क पर रात गुजरती है। हालांकि, यात्रा शुरू होने से पहले ही प्रशासन की ओर से संवदेशील जगहों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

यात्रा रूट पर जेसीबी और बुलडोजर भी हैं ताकि सड़क बंद होने की स्थिति में बंद रास्तों को तुरंत ही खोल दिया जाए।

उत्तराखंड में बारिश–अंधड़ का अलर्टः मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेशभर में बारिश की संभावना जताई है। साथ ही 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अंदेशा भी जताया। उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ी जिलों तक में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 6 जून से बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया है। खराब मौसम की वजह से कहीं–कहीं ओलावृष्टि के भी आसार हैं। कई शहरों में 50 से 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और आकाशीय बिजली चमकने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि अगले कुछ दिनों के अंदर प्रदेशभर में बारिश होने से तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

### धनोल्टी में जमकर गिरे ओले, मसूरी में खिली रही धूप

मसूरी। मसूरी मे बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक कभी धूप तो कभी आसमान में बादल छाए रहे जिससे कभी ठंड तो कभी गर्मी का एहसास होता रहा। शाम को आसमान में बादल छाने के बाद शहर में ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो गई।जिससे मौसम सुहाना हो गया जिसका देश विदेश से मसूरी घूमने आए पर्यटकों ने आनंद उठाया। वही दूसरी ओर पर्यटक स्थल धनोल्टी में शाम 4 बजे करीब मौसम के करवट बदलते ही बारिश के साथ ही ओलावृष्टि शुरू हो गई। काफी देर तक ओला वृष्टि होने से ओले जमीन पर टिक गए साथ ही गर्मी से भी राहत मिल गई।

### पौड़ी में बारिश ने बदला मौसम

पौड़ी। मुख्यालय में बुधवार को दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर बाद जोर की हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से मुख्यालय सहित आस पास के इलाकों में बढ़ती गर्मी से भी लोगो को राहत मिली। इससे पहले बुधवार को सुबह चटक धूप खिली थी। लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश हुई। बारिश से वन विभाग को भी काफी राहत मिली। उधर, मौसम बिगड़ने की वजह से पौड़ी मुख्यालय की बिजली सप्लाई बाधित भी हो गई।

## संपादकीय

# नई सरकार पर नजर

नई लोकसभा के गठन को लेकर एनडीए गठबंधन में अपनी तैयारी शुरू कर दी है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री एवं अपनी सरकार के सभी मंत्रियों का इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप दिया है। एनडीए गठबंधन ने पूर्ण बहुमत के आंकड़े को आसानी से हासिल कर लिया है और यदि किसी भी प्रकार से कोई राजनीतिक संकट खड़ा नहीं हुआ तो नरेंद्रमोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की हैट्रिक बनाने जा रहे हैं। अभी तक कयास बाजिया लगाई जा रही थी कि बिना नीतीश कुमार एवं चंद्रबाबू नयडू के सरकार बनाना संभव नहीं है लेकिन एक पक्ष यह भी है कि यदि यह दोनों नेता किसी भी प्रकार से अपनी महत्वाकांक्षाओं के तहत कोई दबाव बनाते हैं और एनडीए उस पर सहमत नहीं होती है उसके बावजूद अन्य निर्दलीयों के भरोसे भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर सरकार बना सकती है। देश की जनता ने पहले ही भारतीय जनता पार्टी को उससे भी अधिक सीट दी है जितनी कि पूरी "इंडिया" गठबंधन ने भी हासिल नहीं की है। देखा जाए तो फिलहाल नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने में कोई बड़ी बाधा नजर नहीं आ रही है लेकिन उसके बावजूद राजनीति में महत्वाकांक्षाओ के कारण सब कुछ संभव है। सरकार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन भी दम भर रहा है कि हम सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान यह बातें भी उभर रही थी कि यदि एनडीए में सीटों को लेकर भारतीय जनता पार्टी बहुमत का आंकड़ा प्राप्त नहीं करती है तो इन परिस्थितियों में समर्थन देने की एवज में नरेंद्र मोदी के स्थान पर किसी दूसरे नेता पर सहमति बन सकती है। मतगणना के दिन से ही सरकार बनाने की अटकलें पर सवाल खड़े होने लगे थे और इन्हीं परिस्थितियों के चलते नीतीश कुमार चंद्रबाबू नायडू ने हर स्थिति में एनडीएके साथ जुड़े रहने का ऐलान किया था। याद रखना चाहिए कि इन दोनों नताओं ने ही नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को लेकर उनके विरोध में राष्ट्रीय अभियान चलाया चलाया था और पूर्व कि वह परिस्थितियों वर्तमान सरकार के गठन के वजूद पर भी सवाल खड़े कर सकती है। नीतीश कुमार तो वैसे भी बार-बार पाला बदलने के लिए विख्यात है और यदि कहीं उन्हें थोड़ा भी बड़ा लाभ मिलेगा तो वह गठबंधन पर ग्रहण लगा सकते हैं। यदि नरेंद्र मोदी इस बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो उनके लिए परिस्थिति पूर्व जैसी नहीं होगी क्योंकि अब वह कोई भी फैसला लेने के लिए पूरी तरह से खुद पर निर्भर नहीं रह सकेंगे। एक तरफ जहां उन पर अपने ही घटक दलों का दबाव होगा तो वहीं दूसरी ओर एक मजबूत विपक्ष भी सदन में सरकार के सामने चुनौती के रूप में खड़ा है।

# पूरी दुनिया में हल्ला

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

**हमास को अपने अपराधों पर कोई अफसोस नहीं है और वह बंधकों को छोड़कर युद्ध खत्म करने की कोशिशें भी नहीं कर रहा। वहीं इस्त्रइल ने आईसीसी अभियोजक के इस दावे को जोरदार तरीके से खारिज कर दिया है कि गाजा में आईडीएफ का अभियान जानबूझकर फिलिस्तीनी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से है। युद्ध अपराध और मानवाधिकार की समस्या को लेकर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की निष्पक्षता को नकारने से वैंकि ताकतों ने भी परहेज नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस निर्णय को भयावह बताते हुए कहा कि इस्त्रइल और हमास के बीच कोई समानता नहीं है। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार और आतंकवादी संगठन की झूठी तुलना को भयावह और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। इस्त्रइली राष्ट्रपति इसहाक हरजोग ने इस्त्रइल को लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार और हमास को नृशंस आतंकवादी बताते हुए आईसीसी की तुलना को अपमानजनक कहा। वहीं हमास नेताओं ने करीम खान की मांग के बारे में कहा कि वो कातिल और पीड़ित को एक बराबर रख रहे हैं।**

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने संतुलन के तराजू में इस्त्रइल के शीर्ष नेताओं और हमास के शीर्ष नेताओं को साथ रखने का साहस दिखाया तो पूरी दुनिया में हल्ला मच गया।

आईसीसी के अभियोजन पक्ष ने हमास पर युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ अपराध, मर्डर, रेप, बंधक बनाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। वहीं नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ युद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध अपराध, जिनमें विनाश, उत्पीडऩ, युद्ध के तरीके के रूप में भुखमरी पैदा करना, मानवीय राहत आपूर्ति से इनकार करना और हमास को हराने के प्रयास में जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाना शामिल है। करीम रवांडा, लेबनान और सिएरा लियोन की आपराधिक अदालतों में भी काम कर चुके हैं।

ये तीनों देश गृह युद्ध और हिंसा की चपेट में आ चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने इस्त्रइल और हमास पर जो आरोप लगाए हैं, उनकी पुष्टि इन घटनाओं से की जा सकती है। सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने इस्त्रइल पर हमला किया था। हमले में 1200 लोग मारे गए थे और कई लोगों को बंधक बनाया गया था। हमास के लड़ाकों ने कई महिलाओं के साथ गैंगरेप किए, उनकी निर्मम हत्याएं की और उनके शरीर को क्षत-विक्षत कर दिया। कई लोगों की गर्दन और उनके अंग काट कर सडक़ पर फेंक दिए गए और फिर आतंकी उनके साथ खेल रहे थे।

कई लोगों ने लोगों की हत्या, रेप और सिर काटे जाने की आवाजें और चीखें सुनीं। हमास के आतंकवादियों के विभिन्न समूहों की क्रूरता के तरीके अलग-अलग थे। इस्त्रइल के पुलिस प्रमुख याकोव शबताई ने कहा कि यह पूर्वनियोजित घटना थी। माना जाता है कि हमास ने इस्लामिक स्टेट समूह और बोस्निया से महिलाओं के शरीर को हथियार बनाने का तरीका सीखा। यह सब इतना भयावह था कि कई लोग इस्त्रइल के मानसिक स्वास्थ्य अस्पतालों में भर्ती हैं, जो उस खौफ से अब भी नहीं उबर पाए हैं, और पागल हो गए हैं। हमास जिन्हें बंधक बना कर ले गया, वे या तो मारे गए हैं, या अंधेरी सुरंगों में नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर दिए गए हैं।

हमास की निर्ममता का जवाब इस्त्रइल ने बेहद प्रतिशोधात्मक तरीके से दिया है। इस्त्रइल की जवाबी कार्रवाई में अब तक गजा और वेस्ट बैंक में 35 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सात अक्टूबर को हमास हमले के बाद इस्त्रइल ने गजा पट्टी की पूरी तरह से घेराबंदी का आदेश दिया अर्थात समूची आबादी का बिजली, पानी और ईंधन बंद कर दिया गया। इस्त्रइल फिलस्तीनी क्षेत्रों पर लगातार हवाई और जमीनी हमले कर रहा है। फिलस्तीनी घायलों को भी नहीं बख्श रहा। गजा में फिलस्तीनी कैदियों को अस्पताल में बिस्तरों पर बेडिय़ों से बांध कर रखा जाता है और आंखों पर पट्टी बांध दी जाती है। कभी-कभी उनके सारे कपड़े उतार दिए जाते हैं। इस्त्रइली सेना ने गजा में पूर्वी रफाह के अलग-अलग इलाकों में हमले कर लाखों लोगों को बेघरबार कर दिया है। इस्त्रइली हवाई हमलों और नाकाबंदी के कारण अधिकांश अस्पतालों ने काम करना बंद कर दिया है। बिजली और ईंधन की कमी के कारण लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। फिलस्तीनी क्षेत्रों में अकाल जैसे हालात बन गए हैं।

हमास को अपने अपराधों पर कोई अफसोस नहीं है और वह बंधकों को छोड़कर युद्ध खत्म करने की कोशिशें भी नहीं कर रहा। वहीं इस्त्रइल ने आईसीसी अभियोजक के इस दावे को जोरदार तरीके से खारिज कर दिया है कि गाजा में आईडीएफ का अभियान जानबूझकर फिलिस्तीनी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से है। युद्ध अपराध और मानवाधिकार की समस्या को लेकर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की निष्पक्षता को नकारने से वैंकि ताकतों ने भी परहेज नहीं किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस निर्णय को भयावह बताते हुए कहा कि इस्त्रइल और हमास के बीच कोई समानता नहीं है। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार और आतंकवादी संगठन की झूठी तुलना को भयावह और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया।

इस्त्रइली राष्ट्रपति इसहाक हरजोग ने इस्त्रइल को लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार और हमास को नृशंस आतंकवादी बताते हुए आईसीसी की तुलना को अपमानजनक कहा। वहीं हमास नेताओं ने करीम खान की मांग के बारे में कहा कि वो कातिल और पीड़ित को एक बराबर रख रहे हैं। दुनिया भर में युद्ध और हिंसा के हालात हैं, ऐसे में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णय को नजीर की तरह लिया जाना चाहिए था जिससे संयुक्त राष्ट्र में करोड़ों लोगों का विास बढ़ सकता था।

वहीं संकट यह है कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का पालन कैसे होगा। आईसीसी के समझौते पर जिन 124 देशों ने हस्ताक्षर किए थे उनमें इस्त्रइल शामिल नहीं है। यानी आईसीसी का सदस्य नहीं है। फिलस्तीन समझौते पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल है, ऐसे में आईसीसी के पास कानूनी अधिकार है कि वो कार्रवाई कर सके। अब सवाल है कि अगर वारंट जारी किया जाता है तो फिलस्तीनी प्रशासन को हमास के नेता याह्या सिनवार, हमास की अल कासिम ब्रिगेड के नेता मोहम्मद दियाब इब्राहिम अल मसरी और हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हनियेह को गिरफ्तार करना होगा। फिलस्तीन में कोई प्रशासन है ही नहीं और यह हमास के प्रभाव क्षेत्र में है।

अतः नामुमकिन है कि हमास अपने प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर ले। वहीं प्रधानमंत्री नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ वारंट जारी किया जाता है तो आईसीसी के जिस समझौते पर जिन देशों ने हस्ताक्षर किए हैं, उनको मौका मिलने पर जिस व्यक्ति के खिलाफ वारंट जारी किया गया है, उसे हिरासत में लेना होगा। नेतन्याहू को दूसरा कोई देश गिरफ्तार कर ले, यह भी नामुमकिन है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के गिरफ्तारी वारंट को जायज ठहराते हुए करीम खान ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सशस्त्र संघर्ष से जुड़े कानूनों को सभी पक्षों को मानना होगा, फिर चाहे आप कोई भी हों, लेकिन लगता है कि गिरफ्तारी वारंट ठीक उसी तरह मजाक बन जाएगा, जैसे पुतिन के खिलाफ जारी होने के बाद भी वे चीन के खास मेहमान बन कर आ गए थे।

# हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे

**योगेश कुमार गोयल**

जीव-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति धरती के अभिन्न अंग हैं, लेकिन मनुष्य ने अपने स्वाथरे तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को उजाड़ा, बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है।धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम कहा जाता है, लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की प्रजातियों का जीवनचक्रसंकट में है।

वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं, या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनिया भर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वषी से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं।

वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलाप तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनिया भर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हिन्दी अकादमी, दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है।

दरअसल, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख-भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है।

हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौंदर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक आश्रय स्थल के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव-विविधता के मुद्दे पर लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। दरअसल, 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव-विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। इस वर्ष यह दिवस ह्ययोजना का हिस्सा बनेंह्न थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अपने ग्रह की जैव-विविधता को संरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं।धरती पर पेड़-पौधों की संख्या तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि इस ओर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के दौर में पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो।दरअसल, बढ़ती आबादी तथा बढ़ते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रोतों तक को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन असंभव है।

## हम अर्बन हीट आइलैंड के प्रभाव में

दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई भागों में गर्मी कहर बरपाए हुए है। राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों के साथ ही उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ के अलग-अलग इलाकों में भी यही हाल है। कई राज्यों में स्कूलों में अवकाश घोषित करना पड़ा है। आगामी दिनों में भी गर्मी की तपिश और लू के थपेड़ों से राहत के आसार नहीं हैं। देश में जगह-जगह लगातार गर्मी का रिकॉर्ड टूट रहा है। मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।


इस बीच, दिल्ली-एनसीआर गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। महानगर दिल्ली में पानी की किल्लत इस कदर है कि पानी की राशनिंग करने तक की नौबत आ गई है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली में पेयजल संकट का ठीकरा हरियाणा सरकार पर फोड़ते हुए चेताया है कि जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उनका कहना है कि हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हिस्से का पानी यमुना में छोडऩा बंद कर दिया है।

दिल्ली के नागरिकों को भी उन्होंने चेताया है कि गैर-जिम्मेदाराना तरीके से पानी का इस्तेमाल न करें। गाड़ी धोने जैसे कामों में पानी का इस्तेमाल न हो। यदि पानी का इस्तेमाल गैर-जिम्मेदाराना तरीके से होता मिला तो चालान भी किए जा सकते हैं। भीषण जल आपूर्ति का सामना कर रहे इलाकों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति दिन में दो बार की बजाय एक बार करने की बात भी कही गई है। कई इलाकों से लोगों के गर्मी और लूट की चपेट में आकर बीमार पडऩे के मामले भी आने लगे हैं।

लू की चपेट में आए लोगों को बुखार, सिरदर्द, उल्टी और बेहोशी जैसी शिकायतें हैं। हीट स्ट्रोक के साथ ही डिहाइड्रेशन की गंभीर चुनौती भी दरपेश है। इससे बच्चों को बचाए रखना बेहद जरूरी है। दिल्ली-एनसीआर में गर्मी और लू का आलम यह है कि दिन ही नहीं देर शाम तक भी लू और गर्म हवाएं लोगों को हलकान किए रहती हैं।

भीषण गर्मी और लू किसी एक साल तक सीमित मौसमी घटना नहीं है। दरअसल, बढ़ते शहरीकरण के चलते हरियाली की कमी और सीधी धूप के निशाने पर आने के कारण हम ह्यअर्बन हीट आइलैंडह्न (यूएचआई) के प्रभाव में हैं, जिसके आने वाले समय में बढऩे की ही संभावना है, कम होने की नहीं। ऐसी अति मौसमी स्थितियों में रहना हमें सीख लेना होगा।

# हारमोनियम लिए इलैयाराजा बने दिखे धनुष, साझा किया फिल्म का दमदार पोस्टर



साउथ सुपरस्टार धनुष आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल में ही वह फिल्म कैप्टन मिलर में नजर आए थे। अब वह जल्द ही मशहूर संगीतकार इलैयाराजा के बायोपिक में नजर आने वाले हैं। उनकी यह फिल्म तमिल इंडस्ट्री की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसके लिए लगातार हाइप बनी हुई है। अब इलैयाराजा के 81वें जन्मदिन पर अभिनेता ने फैंस को अपने किरदार की एक झलक दिखाई है।महान संगीतकार इलैयाराजा के 81वां जन्मदिन को खास बनाते हुए अभिनेता ने फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा,सिर्फ और एकमात्र इलैयाराजा को जन्मदिन की शुभकामनाएं। पोस्टर में धनुष अपने हारमोनियम के साथ भीड़ के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। वहीं, उनके पीछे उनका बैंड नजर आ रहा है।

फैंस इस पोस्टर को देखने के बाद फिल्म के लिए काफी उत्साहित हो गए हैं। उन्होंने पोस्टर को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक फैन ने लिखा,धनुष आप सबसे बेहतरीन अभिनेता हो, इस फिल्म का अब और इंतजार नहीं कर सकता। एक और फैन ने लिखा,जन्मदिन की शुभकामनाएं सर। भगवान आपको इस उम्र में और ऊर्जा दे।

## शर्लिन चोपड़ा ने प्रिंटेड बिकनी पहन गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

बॉलीवुड एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा सोशल मीडिया पर हमेशा अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरों से धमाल मचाती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह प्रिंटेड बिकनी पहनी हुई नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में शर्लिन चोपड़ा खुले बालों और ग्लोइंग मेकअप के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं. उनकी हॉटनेस देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं. इन तस्वीरों पर सोशल मीडिया पर कई लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं. फैंस शर्लिन की खूबसूरती और हॉटनेस की तारीफ कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, आप तो आग लगा रही हैं शर्लिन जी. वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, आप इतनी खूबसूरत कैसे हो सकती हैं. शर्लिन चोपड़ा अक्सर अपनी बोल्ड और बेबाक तस्वीरों और वीडियो के लिए सुर्खियों में रहती हैं. मोना चोपड़ा उर्फ़ शर्लिन चोपड़ा एक भारतीय मॉडल-फिल्म अभिनेत्री हैं। वह हिंदी सिनेमा में अपने ग्लैमरस अंदाज और प्लेबॉय मैगजीन के लिए जानी जाती हैं। शर्लिन चोपड़ा का जन्म 11 फ़रवरी 1984 को हैदराबाद में हुआ था। शर्लिन ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत वर्ष 2005 में फिल्म टाइमपास से की थी।

# जानिक सिनर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में, बनेंगे नंबर वन

पेरिस, इटली के जानिक सिनर 10वीं सीड ग्रिगोर दिमित्रोव को लगातार सेटों में 6-2, 6-4, 7-6(3) से हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही उनका विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनना तय हो गया है क्योंकि सर्बिया के नोवाक जोकोविच चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गए हैं।

सिनर को नंबर एक पोजीशन हासिल करने और जोकोविच की जगह लेने के लिए फ़ाइनल में पहुंचने की जरूरत थी लेकिन उनके क्वार्टरफाइनल में दिमित्रोव के खिलाफ जीत हासिल करने और जोकोविच के टूर्नामेंट से हट जाने से उनका काम आसान हो गया।

जोकोविच को दाएं घुटने की चोट के कारण कैस्पर रुड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मुकाबले से हटना पड़ा। जोकोविच को अपनी नंबर एक पोजीशन बरकरार रखने के लिए फ़ाइनल में पहुंचना जरूरी था। इटली के सिनर इस तरह शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाले 29वें खिलाड़ी और अपने देश के पहले खिलाड़ी बनेंगे। सिनर, विश्व रैंकिंग में नंबर एक बनने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बनेंगे, का सेमीफाइनल में कालीस अल्काराज या स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होगा।



सिनर ने इस साल के शुरू में जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के रूप में अपना पहला मेजर खिताब जीता था और दिमित्रोव के खिलाफ दो घंटे 30 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में पूरी तरह नियंत्रण में दिखे। 22 वर्षीय सिनर ने मैच में 29 विनर्स लगाए और चार बार दिमित्रोव की सर्विस तोडक़र उनके खिलाफ करियर मुकाबलों में 4-1 की बढ़त बना ली।

सिनर का इस वर्ष ग्रैंड स्लैम में 12-0 का रिकॉर्ड हो गया है। अपने पहले फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में सिनर का कालीस अल्काराज या स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होगा। करियर मुकाबलों में सिनर का अल्काराज के खिलाफ 4-4 का रिकॉर्ड है जबकि सितसिपास के खिलाफ वह 3-6 से पिछड़े हुए हैं। सिनर कूल्हे की चोट के कारण रोम इवेंट से चूकने के बाद फ्रेंच ओपन में पहुंचे थे और सेमीफाइनल तक के सफर में उन्होंने अब तक मात्र एक सेट गंवाया है। बुल्गारिया के 33 वर्षीय दिमित्रोव, जो सभी चार मेजर के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे हैं, वह प्रदर्शन नहीं दोहरा पाए जिसकी बदौलत उन्होंने चौथे दौर में ह्यूबर्ट हर्काज के खिलाफ जीत हासिल की थी। नए नंबर एक बनाने जा रहे सिनर का इस वर्ष 33-2 का रिकॉर्ड हो गया है।

# सलोनी बत्रा ने गांठ में अपने रोल पर कहा, बॉडी लैंग्वेज और टोन पर करना पड़ा काम



एक्ट्रेस सलोनी बत्रा जल्द ही थ्रिलर सीरीज गांठ में नजर आने वाली हैं। उन्होंने अपने रोल के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्हें इसके लिए अपनी बॉडी लैंग्वेज और टोन पर काम करना पड़ा।

मानव विज और मोनिका पंवार स्टारर गांठ की शूटिंग दिल्ली में चल रही है। सीरीज में सलोनी एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं।

सलोनी ने कहा, यूनिफॉर्म में होना अपने आप ही जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है, खासकर गांठ जैसे शो के लिए, जिसकी कहानी पूरी तरह से एक क्रूर अपराध की जांच के इर्द-गिर्द घूमती है।

ट्रेलर में पुलिस इंस्पेक्टर गदर सिंह और साइकियाट्रिक साक्षी मुर्मू एक साथ मिलकर सामूहिक आत्महत्या मामले को सुलझाते हुए दिख रहे हैं, जिसमें एक घर में सात शव लटके हुए मिले थें। उनकी जांच में कई पहलू सामने आए, जिनमें गंभीर अपराध, धार्मिक विश्वास, अंधविश्वास और सामाजिक मनोविकृति है। सीरीज के बारे में बात करते हुए सलोनी ने कहा, स्क्रिप्ट पढऩे के बाद, मैं अपने किरदार को निभाने के लिए बेहद एक्साइटेड थी। यह मेरे द्वारा पहले किए गए किरदारों से बिल्कुल अलग था। मुझे बॉडी लैंग्वेज, टोन, सीनियर्स और साथी सदस्यों के साथ रिश्ते और सबसे महत्वपूर्ण बात, बैकस्टोरी पर काम करना था।

एक्ट्रेस ने कहा कि इन बारीकियों पर काम करने में बहुत मजा आया।

उन्होंने कहा, मानव की मौजूदगी ने मेरे लिए हर पल को और भी बेहतर बना दिया। उनकी ईमानदारी, एनर्जी और हमारे बीच की दोस्ती ने शूटिंग को और भी मजेदार बना दिया। उन्होंने अपने एक्सपीरियंस से मेरी बहुत मदद की।

## नॉर्वे शतरंज : 8वें राउंड में कार्लसन से हारे प्राग्नानंदा

स्टावेंजर (नॉर्वे), नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आर्मागेडन गेम के आठवें राउंड में भारतीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्राग्नानंदा मंगलवार को वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन से हार गए। इस जीत में मैग्नस कार्लसन ने 14.5 अंक हासिल करते हुए पूरे एक अंक की बढ़त बनाई, जबकि हिकारू नाकामुरा 13.5 अंकों के साथ दूसरे और प्राग्नानंदा 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। हिकारू नाकामुरा ने क्लासिकल शतरंज में फिरोजा को हराया, लेकिन युवा प्रतिभा ने शानदार बचाव किया और ब्लिट्ज शोडाउन में विजयी हुए। इस बीच, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन भी अपने गेम में पिछड़ गए और उन्हें आर्मगेडन टाईब्रेकर में फैबियानो कारुआना के खिलाफ हार मिली।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम का ऐलान

सेंट जॉन्स,इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली रिचर्ड्स-बॉथम सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम की कमान क्रेग ब्रेथवेट के पास है। वहीं जेसन होल्डर जैसे खतरनाक ऑलराउंडर की टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ टीम के उप-कप्तान होंगे। टीम से कई खिलाडिय़ों को बाहर का रास्ता भी दिखाया गया है। वहीं कुछ युवा खिलाडिय़ों को मौका मिला है।

23 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मिकाइल लुइस को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज के पूर्व अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने लीवार्ड आइलैंड्स हरिकेंस के लिए अपने पहले प्रथम श्रेणी सत्र में 48.71 की औसत से 682 रन बनाए।अगर लुइस इंग्लैंड में वेस्टइंडीज के लिए डेब्यू करते हैं, तो वे सेंट किट्स के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे, जो टेस्ट कैप पहनेंगे।

चोट और एक छोटे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे होल्डर टीम में कई तेज गेंदबाजी विकल्पों में से एक हैं। उनके साथ उप-कप्तान जोसेफ, रोच, सील्स और शमर जोसेफ इस टेस्ट टीम में शामिल हैं।

19 वर्षीय तेज गेंदबाज ईसाई थोर्न एक डेवलपिंग प्लेयर के रूप में टीम के साथ ट्रैवल करेंगे, जिन्होंने अपने पहले प्रथम श्रेणी सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने अपने पहले आठ मैचों में 16.29 की औसत से 31 विकेट लिए थे।

टीम टोनब्रिज स्कूल में प्रशिक्षण शिविर के लिए 23 जून को इंग्लैंड पहुंचेगी। उसके बाद 4 जुलाई से बकिंघम में 4 दिवसीय अभ्यास मैच खेला जाएगा।

मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, टीम को अनुभव और उभरती हुई प्रतिभाओं के साथ तैयार किया गया है। इंग्लिश कंडीशन में खेलने की चुनौती का सामना करने के लिए एक मजबूत टीम कॉम्बिनेशन बनाई गई है।

चयनित प्रत्येक खिलाड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन और कड़ी मेहनत से अपनी जगह बनाई है।

## एक नजर

### पानी और बिजली की बचत करने का दिया संदेश

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के पैण्डुला ग्राम प्रधान सुनय कुकशाल ने ग्रामीणों के साथ बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय पैडुला और एएनएम सेंटर में पौधरोपण कर प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया। इस दौरान प्रधान सुनय कुकसाल ने ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति और प्लास्टिक इस्तेमाल को लेकर जागरूक किया। ग्राम प्रधान सुनय कुकसाल ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा प्लास्टिक से उपजाऊभूमि और जल सोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सभी लोगों को अपने घर के आस पास पेड़ लगाने की सलाह दी। कहा कि सभी लोग पानी और बिजली की बचत करें तब जाकर ही प्राकृतिक संसाधन सुरक्षित रहेंगे। इस मौके पर राप्रा विद्यालय पैडुला के प्रधानाध्यापक मकान लाल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा देवी, बीना देवी, मीनाक्षी पोखरियाल, किरन आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर 16 जून को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : नैनीसैंण में आगामी 16 जून को बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव ने बताया कि तहसील कर्णप्रयाग के राइका नैनीसैंण कण्डारा में 16 जून को 11 बजे से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज तिवारी की अध्यक्षता एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंकज पुरोहित की उपस्थिति में बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आम जनमानस को विधिक जानकारियों तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।

### 11 दिवसीय महायज्ञ एवं देवी भागवत शुरू

रुद्रप्रयाग : कार्तिक स्वामी मंदिर में वैदिक मंत्रोचारण के साथ बुधवार से 11 दिवसीय महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भावगत कथा शुरू हो गई। पहले दिन सैकड़ों भक्तजनों ने मंदिर में पहुंचकर पुण्य अर्जित किया। कार्तिकेय मंदिर समिति के सहयोग से भागवत कथा की जा रही है। विश्व कल्याण एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए पहले दिन क्षेत्र के सीमान्त गांव घिमतोली के स्वांरी ग्वास गांव में भगवान कार्तिक स्वामी के प्रतीक चिह्न (रूपछड़ी) की विशेष पूजा अर्चना संपन्न की गई। इसके बाद भगवान कार्तिक स्वामी की रूपछड़ी को ढोल दमाऊं एवं भक्तों के जयकारों कार्तिक स्वामी धाम रवाना किया गया। सुबह 10 बजे भगवान कार्तिक स्वामी के प्रतीक चिह्न के यात्रा के अहम पड़ाव स्कन्द नगरी पहुंचने पर यहां मौजूद श्रद्वालुओं ने अक्षत एवं पुष्पों से भव्य स्वागत किया। यहीं पर भगवान की रूप छड़ी का गंगाजल से स्नान कर आरती उतारी गई। स्कन्दनगरी ने अल्प विश्राम करने के बाद भगवान कार्तिक स्वामी के रूप छड़ी अन्य देवी देवताओं के निशान कार्तिक स्वामी तीर्थ को रवाना हुई। ठीक 12 बजे भगवान कार्तिक स्वामी मंदिर पहुंचने पर भगवान नर रूप में अवतरित हुए। देवता ने हवनकुंड में गज मार कर 11 दिवसीय महायज्ञ की अनुमति दी गई। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने कार्तिक स्वामी का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान भक्तों के जयकारों से क्षेत्र का पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके उपरान्त महायज्ञ में पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बाद हवनकुंड में अग्नि प्रज्वलित कर ब्राह्मणों ने महायज्ञ में जौ तिल व घी की आहुतियां डालने की प्रक्रिया शुरू की। श्रीमद देवीभावगत कथा के कथावाचक आचार्य वासुदेव प्रसाद थपलियाल ने कहा कि कलयुग में ऐसे तीर्थों के दर्शन करने से मात्र मनुष्य के सभी पापों को हरण हो जाता है। इस दिव्य पुराण के दर्शन एवं श्रवण करने से मनुष्य का विवेक जागृत होता है। 14 जून को भव्य जल कलश यात्रा एवं 15 जून को पुर्णाहुति के साथ समापन किया जाएगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न नेगी, सचिव बलराम नेगी, कोषाध्यक्ष चन्द्रसिंह नेगी, प्रबन्धक पूरण सिह, पुजारी नन्दू पुरी, रमेश सिंह, डीएस बर्त्वाल, सुरजी देवी, प्रदीप राणा, दिनेश थपलियाल, सुधीर नौटियाल समेत बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे। (एजेंसी)

### इशिका ने पास की नीट की परीक्षा

नई टिहरी : जनपद के कोटी तल्ली पट्टी मखलोगी इशिका ने नीट परीक्षा पास की है। वह पूर्व सैनिक विरेंद्र सिंह धनोला की पुत्री हैं। इशिका ने 620 अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की। इशिका ने अपनी शिक्षा देहरादून केंद्रीय विद्यालय से पूरी की है।

# शहर में लग रहा जाम, गड्ढे में खो गई पार्किंग



शहर में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के कारण लगा जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से आए दिन सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है। भीषण गर्मी के बीच शहरवासियों को घंटों जाम खुलने का इंतजार करना पड़ रहा है। हालत यह है कि अधुनिक बस अड्डा व पार्किंग के नाम पर मोटर नगर में आज भी केवल एक गड्ढा ही नजर आ रहा है। इससे पता चलता है कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी जन समस्या को लेकर कितने लापरवाह है।

### पार्किंग व्यवस्था नही होने से सड़क पर बनी रहती है जाम की स्थिति

कोटद्वार शहर जाम के झाम से परेशान है। वर्ष 2010-11 में मोटर नगर स्थित खाली पड़ी भूमि पर आधुनिक बस अड्डा और पार्किंग का निर्माण होना था, लेकिन एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी निर्माण के नाम पर वहां एक बड़े गड्ढे के सिवाय कुछ नजर नहीं आ रहा है। शहर में बदहाल हो रही पार्किंग व्यवस्था की नगर निगम व स्थानीय प्रशासन सुध नहीं ले रहा है। दरअसल शहर में पार्किंग की व्यवस्था करना नगर निगम की जिम्मेदारी है। लेकिन, नगर निगम की ओर से इस संबंध में आज तक शायद ही कोई कवायद की गई हो। हालात यह है कि मोटर नगर स्थित नगर निगम की भूमि पर हुआ गड्ढा आज भी क्षेत्र की जनता को मुंह चिढ़ा रहा है। बताना जरूरी है कि नगर पालिका कार्यकाल में 2010-11 में मोटर नगर की भूमि आधुनिक बस अड्डा निर्माण के लिए एक निजी संस्था को सौंप दी गई थी। बस अड्डा तो आज तक बना नहीं, लेकिन संस्था बस अड्डे के नाम पर एक गड्ढा क्षेत्र की जनता को दे गई।

### यह है पूरा मामला

नियमानुसार मार्च 2015 तक बस अड्डे का निर्माण पूर्ण कर नगर पालिका को सौंपा जाना था। करार होने के छः माह बाद तक नगर पालिका ने मोटर नगर का भू-उपयोग परिवर्तित नहीं किया। निर्माण के करीब छः माह बाद भू-उपयोग तो परिवर्तित हो गया। ल
ोकिन, जिस स्थान पर बस अड्डे का निर्माण होना था, वहां पहले से ही दुकानें मौजूद थीं, जिस कारण मसला फिर लटक गया। इसके बाद भी नगर पालिका ने तय शर्तों के अनुसार मोटर नगर की पूरी भूमि खाली करवा कर संस्था को नहीं सौंपी। नतीजा, बस अड्डे का निर्माण अधर में लटक गया और यही स्थिति आज भी बरकरार है।

# पर्यावरण बचाने को करने होंगे संयुक्त प्रयास



राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में पौधा रोपण करती विस अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधा रोपण करने की भी अपील की। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधा रोपण के साथ ही उसके संरक्षण की भी जिम्मेदारी लेनी होगी।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विश्व पर्यावरण दिवस पर खूनीबड़ और आदर्श विद्यालय राइंका में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने एक पौधा भी लगाया। सर्वप्रथम विधानसभा अध्यक्ष खूनीबड़ पहुंचीं, जहां उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर बीईएल रोड पर पौधा लगाया। तत्पश्चात वे आदर्श विद्यालय राजकीय इण्टर कॉलेज पहुंची और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के दौरान शिक्षक व अभिभावकों के साथ वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। वर्तमान में पर्यावरण पेड़ों के अत्यधिक कटाव, प्लास्टिक की वस्तुओं व ग्लोबल वार्मिंग के कारण प्रदूषित हो रहा है। हमें आज कभी अत्यधिक बारिश व कभी अत्यधिक गर्मी से जूझना पड़ रहा है।

आज हालत इस तरह बिगड़ गये हैं कि हमें पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ को बचाना भी जरूरी हो गया है। कहा कि सभी को इस मौके पर अधिक से अधिक पौधरोपण करने और उनको बचाने का संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्रालय के प्रोजेक्ट मैनेजर जतिन सैनी, प्रधानाचार्य मुकेश रावत, पंकज भाटिया, पार्षद कमल नेगी, गायत्री भट्ट, नीरुबाला खंतवाल, सुभाष पाण्डेय, अनीता आर्य, मंजू जखमोला और नीना बैंजवाल आदि उपस्थित रहे।

# महाराज ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दी पांचों सीटों पर हैट्रिक लगाने पर बधाई



कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट से मुलाकात करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद भट्ट और संगठन महामंत्री अजेय कुमार से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को भाजपा कार्यालय पहुंचकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद भट्ट और संगठन महामंत्री अजेय कुमार से भेंट कर उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी को पांचों लोकसभा सीटों पर मिली शानदार जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा किए गए विकास कार्यों, पार्टी संगठन की रणनीतिक कुशलता, कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और जनता के अपार प्यार और स्नेह का परिणाम है कि उत्तराखंड की पांचों सीटों पर तीसरी बार भाजपा का परचम लहराया है।

### डॉ. रावत ने जताया मतदाताओं का आभार

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद अनिल बलूनी के पक्ष में मतदान करने पर मतदाताओं का आभार जताया। डा. धन सिंह रावत ने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के बूथ कल्यासौड़, दिखोल्यूं, स्वीत में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका आभार जताया।

इस मौके पर श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, व्यापार सभा जिला अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, जिला उपाध्यक्ष लखपत भंडारी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर जोशी, राजेंद्र बिष्ट मौजूद रहे। (एजेंसी)

## हमें पर्यावरण के खातिर अपनी आदतों में लाना होगा बदलाव : राजवंशी




**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। जिसमें बांज, नीम, पीपल, आम, जामुन के अलावा फूलों व फलों के पौधे शामिल थे। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. राजवंशी ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में उपलब्धियों को हासिल करने की होड़ में हम प्राकृतिक संतुलन को तेजी से बिगाड़ने में जो लग गए हैं वही तो प्रदूषण हैं। पेड़ों को पूजने के साथ उनकी रक्षा का भी हमें संकल्प लेना चाहिए। याद रहे हम प्रकृति से हैं, प्रकृति हमसे नहीं है। हमें अपनी आदतों में पर्यावरण के खातिर बदलाव लाना होगा।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी के दिशा निर्देशों अनुसार बीएड एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के प्रांगण में 51 पौधे लगाए रोपे। प्रो. राजवंशी ने बताया कि जागरूक विद्यार्थियों ने कालेज प्रांगण में विभिन्न प्रजाति के 51 पौधा रोपण कर प्रकृति को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने का संकल्प लिया। कहा कि प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से युक्त वातावरण में सकारात्मक बदलावों को लाने के लिए देश के नागरिक के रुप में किसी भी देश के युवा सबसे बड़ी उम्मीद है। इस भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। इस मौके पर छात्रा साक्षी काला, प्रिया रावत, दीपशिखा रावत, साक्षी, प्रियांशु जुयाल, प्रतीक ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर प्रो. एसपी मधवाल, डॉ. रामकृपाल सिंह, आशीष गौड़, राजीव रजवार, सतीश चंद्र पोखरियाल, जयवीर नेगी, बलवंत सिंह, प्रदीप, कुलदीप, साक्षी, श्वेता, प्रिया, राहुल, प्रियांशु, कार्तिक सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।में पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपते हुए छात्र और प्राध्यापक।

# कला के विभिन्न स्वपों को टीचिंग के तौर पर प्रयोग करने के बताए तरीके

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार स्थित ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की ओर से बुधवार को कला समेकन (आर्ट इंटीग्रेशन) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ने शिक्षा में कला के विभिन्न रूपों को टीचिंग टूल के तौर पर प्रयोग करने के गुर सीखे।

गाड़ीघाट स्थित विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यशाला का आरंभ विद्यालय के संस्थापक सुभाष चंद्र चतुर्वेदी ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को विभिन्न विषय क्षेत्रों में कला को शामिल करने की रणनीतियों से लैस करना था, जिससे छात्रों की सहभागिता और सीखने के परिणामों में वृद्धि हो सके। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन विशाल अरोड़ा ने प्रथम सत्र में कला समेकन की अवधारणा तथा महत्व, द्वितीय सत्र में कला और शिक्षा का संबंध व तृतीय सत्र में प्रतिभागियों को व्यवहारिक गतिविधियों की जानकारी दी।

# स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान, दिया संदेश




विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विश्व पर्यावरण दिवस पर श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल पदमपुर सुखरौ की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने अपने घर के आसपास भी स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया।

पर्यावरण दिवस पर बुधवार को विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम समन्वयक हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन अदृश्य संकट बनकर खड़ा हो गया है जो दुनिया के सभी क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। इसलिए भूमि क्षरण को रोकना पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बहाल करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण होता है। कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम में मिलने वाली बातों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी बात कही। इस अवसर पर एनएसएस के सभी छात्र व छात्रा मौजूद रहे।

### गढ़वाल विवि में पर्यावरण दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न पर्यावरणीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल की अध्यक्षता में वेबिनार का आयोजन किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के चित्रा गार्डन तथा चौरास परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य छात्र-छात्राओं के द्वारा विवि परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता जीबी पंत हिमालय पर्यावरण संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. जेसी कुनियाल ने विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने चित्रात्मक प्रस्तुतीकरण से हिमालय के पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा हिमालयी क्षेत्रों में लगातार खराब हो रहे पर्यावरण को बचाये रखने के सुझाव दिए।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पोस्ट ऑफिस आमसौड़ की खाता धारक हूं। जिसमें मेरा नाम पूनम देवी पत्नी बालम सिंह अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम बीरा देवी पत्नी बालम सिंह है, जो कि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में अंकित है। अतः मेरे पोस्ट ऑफिस के खाता संख्या में मेरा सही व वास्तविक नाम बीरा देवी पत्नी बालम सिंह लिखा/पढ़ा जाय।

**बीरा देवी पत्नी बालम सिंह निवासी जमरगठी तल्ली, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(0190/21)


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सूचना सं.: HE/Med/HVS/2024 दिनांक: 05.06.2024

**उत्तर रेलवे, मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की भर्ती**

भारत के राष्ट्रपति व उनकी ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ०रे०, मुरादाबाद द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में स्पेशलिस्ट चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अग्रलिखित स्पेशलिटीज में 05 ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं– बाल रोग विशेषज्ञ, ओटोलरींगोलॉजिस्ट, फिजिशियन, जनरल सर्जन, त्वचा रोग विशेषज्ञ।

**नियम व शर्तें:**

1. शैक्षिक योग्यता अनुभवः किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री अथवा डिप्लोमा तथा संबंधित स्पेशिलिटी में 03 वर्ष का अनुभव।
2. **आयु:** पहली बार भर्ती होने की स्थिति में 30 वर्ष से 64 वर्ष के बीच। आगामी नियमन/एक्सटेंशन के लिए आयु सीमा 65 वर्ष तक।
3. कार्य के घंटे तथा उनके निश्चित मानदेय निम्नवत हैं। एच.वी.एस. अपनी सुविधानुसार अपने कार्य के घंटे के लिए कोई भी एक विकल्प चुन सकते हैं–

| क्र.सं. | ड्यूटी के घण्टे | मानदेय की दरें |
|---|---|---|
| 1. | सप्ताह में कुल 06 दिन में कुल 02 घण्टे प्रतिदिन। | ₹ 52000/- P.M. |

4. मुफ्त रेलवे पासः स्वयं, पत्नी/पति व आश्रित बच्चों के लिए भारतीय रेलवे व कोंकण रेलवे में राजधानी एक्सप्रेस सहित सभी ट्रेनों में ए.सी. टू टियर हेतु तथा शताब्दी एक्सप्रेस में ए.सी. कुर्सीयान हेतु एक सैट मानार्थ सुविधा पास। सेलेक्शन ग्रेड के अधिकारी के अनुरूप प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में पास नियमों के अनुसार सुविधा पास देय होंगे।
5. कार्यकालः प्रत्येक बार में सिर्फ एक वर्ष के लिए ही कार्यकाल रहेगा। एक वर्ष की अवधि समाप्त होने पर आयु सीमा के अंतर्गत वार्षिक आधार पर एक्सटेंशन दिया जाएगा।
6. अन्य नियम व शर्तें रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2014/H-1/12/8/HVS/Policy दिनांक 19.06.2018 के अनुसार रहेंगी। संबंधित प्रपत्र व आवेदन पत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट https://nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं।
7. लिस्ट में चुने गए डॉक्टरों को सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बाद ही समयानुसार सूचित किया जाएगा।
8. पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र व संबंधित कागजात एक सीलबंद लिफाफे में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में रखे गए बॉक्स में डालें अथवा ईमेल के माध्यम से cmsmbnr59@gmail.com पर भेजें।
9. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समयः दिनांक 25.06.2024 को 17:00 बजे तक।

1682/2024 **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुरादाबाद**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## कार्यालय प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत तमलाग विकासखण्ड पौड़ी पौड़ी गढ़वाल

### अल्पकालीन विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल उत्तराखंड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबन्द निविदाएं राजकीय विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों से अपनी वर्गीकृत श्रेणी के अनुसार दिनांक 14.06.2024 को उनके द्वारा मनोनित प्रतिनिधि द्वारा उसी दिन अपराहन 3.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी निविदा प्रपत्र व अन्य जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 10.06.2024 से 13.06.2024 तक निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| कार्य का विवरण ग्राम पंचायत तमलाग में पंचायत भवन पर एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण लागत 500000 | धरोहर राशि 3000-000 | निविदा शुल्क 200-00 +GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह |
|---|---|---|---|

**प्रधान/सचिव/ग्राम पंचायत**
**अधिकारी ग्राम तमलाग वि.ख. पौड़ी**

## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 621/कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांक:- 05.06.2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 154/119 वार्ड नं. 11 बदरीनाथ मार्ग | विनोद कुमार, अनूप कुमार स्व0 श्री सुभाषचन्द्र | गंगाधर अग्रवाल, देवेश अग्रवाल पुत्रगण स्व. श्री मुरारीलाल अग्रवाल | रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

## एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

नई टिहरी : डॉ. संजय दत्त ने रक्षा सूत्र की जानकारी छात्रों को दी। बताया कि किस तरह से 1994 में रयाला के जंगलों की अंधाधुंध कटान को रोकने के लिए पर्यावरणविद सुरेश भाई ने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा की। कार्यक्रम में उपस्थित राजेश लाल और रीना चौहान की ओर से ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाउस प्रभाव, हीट वेव आदि विषयों की जानकारी छात्र-छात्राओं के साथ साझा की गई। इस दौरान दिनेश सिंह नेगी, रेशमा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### सुमित ने नीट में पाई सफलता

नई टिहरी : देवप्रयाग निवासी छात्र सुमित भद्री ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में सफलता हासिल की है। सुमित ने नीट में 720 में से 660 अंक प्राप्त किये हैं। निकटवर्ती टुंगरियाल गांव के सुमित भद्री ने इंटर परीक्षा 2023 में भी प्रदेश भर में 11वां स्थान हासिल किया गया था। सुमित के पिता सुभाष भद्री की देवप्रयाग में स्टेशनरी की दुकान है, जबकि माता रोशनी देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। प्रतिभावान छात्र सुमित को नीट में मिली सफलता को नगर और क्षेत्र वासियों ने गौरव का विषय बताया है। (एजेंसी)

### भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

चमोली : भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट पर जीत के बाद बुधवार को भाजपाइयों ने जीत का जश्न मनाया। पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र रावत, ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी, देवेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बताया पौधरोपण का महत्व

देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस पर दून में विभिन्न संगठनों के कार्यक्रम में लोगों को पर्यावरण व पौधरोपण का महत्व बताया गया। जगह जगह लोगों ने पौधरोपण कर दून को हरियाली से भरपूर करने का संकल्प लिया। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के तत्वाधान में टर्निंग प्वाइंट पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में जूनियर वर्ग में आदर्श प्रथम, पूर्णिमा सचदेव द्वितीय, विहान त्यागी तृतीय रहे। प्रतियोगिता में 50 बच्चों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में आशी घिल्डियाल प्रथम, दीया भट्ट द्वितीय, अर्चित चौधरी तृतीय रहे। स्कूल प्रधानाध्यापिका सारिका चौधरी ने पर्यावरण का महत्व समझाया। मौके पर संगठन अध्यक्ष सचिन जैन, प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन, प्रेरणा गुप्ता, साक्षी बेलवाल, रजनी वर्मा, चंद्र कोठारी उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण दिवस पर छावनी परिषद के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के लिए पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में चरी ग्राउंड डाकरा में पौधरोपण किया गया। जिसमें गोर्खाली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा, मनोज क्षेत्री, दीपा श्रेत्री, रेखा थापा, दुर्गा कश्यप, कोमल थापा, विमला भट्ट, निर्मल थापा, सारिका खत्री, मुकेश शर्मा आदि पर्यावरण प्रेमियों ने जामुन, अमरूद, आडू और आंवला जैसे फलदार पेड़ लगाए। शैल कला एवं ग्रामीण विकास समिति ने विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया। संस्था अध्यक्ष स्वामी एस. चंद्रा ने कहा कि तापमान बढ़ने से जनमानस अत्यधिक परेशानी महसूस कर रहा है। दून में आज तक इतना तापमान देखने को नहीं मिला। मुख्य वजह विकास के नाम पर अत्यधिक पेड़ों का कटान, कंक्रीट के जंगल में बदलता शहर है। मौके पर आदित्य नैयर, महेन्द्र राना, आनंद स्वरूप, नीता चन्द्रा, गायत्री भण्डारी, अशोक मनराल, अंशुल घई मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव 2024 पहली बार लड़ रहे बीजेपी–कांग्रेस प्रत्याशियों ने दिखाया दम

देहरादून। उत्तराखंड में इस बार लोकसभा चुनाव में कई पहली बार लड़ने वालों ने भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। भाजपा से अनिल बलूनी, त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पहली बार लोकसभा चुनाव के मैदान में उतर बड़ी जीत दर्ज की। कांग्रेस से गणेश गोदियाल, प्रकाश जोशी, वीरेंद्र रावत ने हारने के बाद भी पिछले चुनाव के मुकाबले पार्टी की स्थिति को थोड़ा सुधारने का ही काम किया है। गढ़वाल लोकसभा सीट पर इस बार पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी चुनावी मैदान में थे। उन्होंने पहली बार में 418531 वोट मिले। उन्होंने 155839 वोट के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। जबकि उनके सामने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल जैसे मजबूत प्रत्याशी सामने थे। इसके बावजूद पहली बार चुनावी मैदान में उतर उन्होंने बड़ी जीत हासिल की।

# नगर निगम ने आयोजित करवाई कला प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण परिवर्तन से होने वाली चुनौती और व्यक्तिगत जिम्मेदारियां विषय पर नगर निगम की ओर से ड्राइंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रेक्षागृह में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ आयुक्त वैभव गुप्ता ने किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि वर्तमान में नगर निगम स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे रहा है।

उन्होंने आमजन से कूड़े को इधर-उधर फेंकने के बजाए कूड़ा गाड़ी में डालने को कहा। कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास की खाली भूमि पर पौधारोपण करना चाहिए। नगर निगम के एसबीएम स्पेशलिस्ट संतोष भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता के परिणाम एक सप्ताह बाद निकाले जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन सिटी मिशन मैनेजर सीमा पांडे ने किया। इस मौके पर साक्षी चौहान, मोनिका बिष्ट, शुभम बाजपेई, चिराग शिंदे, जतिन मौजूद रहे। उधर, गौरव सैनिक बंगाल इंजीनियर्स ग्रुप समिति ने प्राथमिक विद्यालय सुखरौ के बच्चों को पौधे वितरित किए गए। साथ ही बच्चों के अपने जन्म दिवस पर अन्य शुभ कार्यों में पौधारोपण की अपील की गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दिवाकर लखेड़ा, गजेंद्र मोहन धस्माना, हेमराज बिष्ट, रमेश पुंडीर आदि मौजूद रहे। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज कण्वघाटी के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य रमाकांत कुकरेती के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। अभियान के दौरान आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की गई।




# विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम धामी ने रोपा पौधा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सहस्त्रधारा हेलीपैड के निकट सिटी पार्क में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत अनेक प्रजाति के पौधे लगाये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों को बचाने के लिए संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि सभी परिवारों को जल संरक्षण में अपना योगदान देना होगा। हिमालय पर्वत की विश्व को स्वच्छ हवा और पानी देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए देवभूमि उत्तराखंड की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक उमेश शर्मा काऊ, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।



# शिविर में दी कानूनी जानकारी, पुस्तकें वितरित की

नई टिहरी : गढ़वाल विवि के स्वामी रामतीर्थ परिसर के विधि विभाग के लीगल एंड सेंटर ने बुधवार को चंबा के धरसाल गांव में विधिक जागरूकता शिविर लगाया। शिविर में कानूनी जानकारी देने के साथ ही कानूनी पुस्तकों का वितरण भी किया गया। शिविर में विधि विभाग के डा.एसके चतुर्वेदी ने उपस्थित लोगों को साइबर अपराध और गौरा शक्ति ऐप के बारे में अहम जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि आज के युग में बढ़ते साइबर अपराध को कैसे रोका जाए तथा इससे संबंधित शिकायत कहां और कैसे दर्ज की जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नई टिहरी के रिटेनर व वरिष्ठ अधिवक्ता राजपाल सिंह मियां ने निःशुल्क विधिक सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है। अपनी शिकायतों का समाधान इसके द्वारा कैसे किया जा सकता है, के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैसे निःशुल्क सहायता प्रदान करता है इसके बारे में भी जानकारी दी। विधि विभाग से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस डोटियाल ने भी विधिक सेवा संबंधी जानकारी ग्रामीणों को दी। एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने दहेज हत्या और घरेलू हिंसा पर नुक्कड़ नाटक भी इस मौके पर प्रस्तुत किया। छात्रों ने भी बाल अधिकार, मुफ्त कानूनी सहायता, दहेज प्रथा, संविधान में प्रदान की गई निःशुल्क प्राविधान और जंगल की आग पर भी अपने विचार प्रस्तुत किये। शिविर का संचालन विधि विभाग के शोधार्थी सूर्य प्रकाश मौर्य एवं गरिमा धर्मशक्तु ने संयुक्त रूप से किया। शिविर के समापन पर सभी के सहयोग के लिए अनुज कुमार सिन्हा ने आभार जताया।

# दुर्लभ भोजपत्र के पौधे लगाने के लिए चलाया विशेष अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : विश्व पर्यावरण दिवस पर चमोली जिले में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। वन विभाग के तत्वाधान में और विकासखंड जोशीमठ के सहयोग से देश के प्रथम गांव माणा में दुर्लभ हिमालयी भोजपत्र के पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

भोजपत्र के वृक्ष को जितना पवित्र माना जाता है। उतना ही चमत्कारी औषधीय गुणों के लिए भी प्रसिद्ध है। इसकी छाल से कई प्राचीन ग्रंथो की रचना की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 21 अक्टूबर 2022 को माणा गांव में आयोजित सरस मेले के दौरान स्थानीय महिलाओं ने भोजपत्र पर तैयार एक अनूठी कलाकृति प्रधानमंत्री को भेंट की थी। प्रधानमंत्री ने भोजपत्र पर बनाए जा रहे स्मृति चिन्हों और कलाकृतियों का खासतौर पर जिक्र करते हुए इसे अभिनव पहल बताते हुए सराहना की और महिलाओं की आजीविका सर्वधन के लिए इस काम को आगे बढ़ाने की बात कही। जिला प्रशासन द्वारा जोशीमठ ब्लाक में एनआरएलएम समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर भोजपत्र पर बद्रीश आरती, श्लोक, भोजपत्र की माला, राखी और कई तरह के स्मृति चिन्ह एवं लिखित सौवेनिर तैयार कराए जा रहे है। इससे महिला समूहों को आर्थिक लाभ मिलने लगा है। जिला प्रशासन द्वारा भोजपत्र के संरक्षण और संवर्धन के लिए उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भोजपत्र की नर्सरी तैयार करते हुए इसका पौधा रोपण किया जा रहा है। ताकि महिला समूहों को भोजपत्र की छाल मिलती रहे और यह भोजपत्र उनकी आजीविका का साधन बना रहे। विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को बद्रीनाथ धाम एवं माणा गांव के आसपास भोजपत्र, देवदार, कैल, खुमानी के 400 से भी अधिक पौधे लगाए गए। उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे ने कहा कि इकोसिस्टम को संरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की। खंड विकास अधिकारी मोहन जोशी ने कहा कि भोजपत्र का बड़ा ही पौराणिक एवं धार्मिक महत्व है। भोजपत्र के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नर्सरी तैयार की गई और विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर दुर्लभ भोजपत्र के पौधे लगाए जा रहे है। पौधारोपण अभियान में उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे, उप वन संरक्षक वीवी मर्तोलिया, खंड विकास अधिकारी मोहन जोशी, आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान, माणा ग्राम प्रधान पीतांबर मोल्फा, पेड वाले गुरुजी धन सिंह घरिया, युवक एवं महिला मंगल दल, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और स्थानीय लोग शामिल थे।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर श्री केदारनाथ धाम में रोपे ब्रह्मकमल के पौधे



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री केदारनाथ धाम में केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के द्वारा मेरी लाईफ फॉर इन्वायरमैंट हेतु वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, सेल्फी फार इन्वायरमैंट हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत श्री केदारनाथ धाम में ब्रह्म कमल, कुटकी, बज्रदन्ती, पाषाण भेद, जड़ी-बूटी पौधों का रोपण एवं सोनप्रयाग से रामबाड़ा की बीच यात्रा मार्ग के किनारे खाली स्थानों पर देवदार, बांज, बुरांश, मोरू, पांगर, अंगू, पुतली, खर्सू, रेन्ज, कांचुला, पापड़ी थुनेर भोजपत्र प्रजाति की कुल 2000 पौध का रोपण किया गया।

प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस की 52वीं वर्षगांठ पर श्री केदारनाथ धाम परिसर में 52 ब्रह्म कमल की पौध का रोपण किया गया। श्री केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल एवं प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के द्वारा ब्रह्म कमल पौध रोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

हिन्दु धर्म में ब्रह्म कमल फूल को ब्रहम देव का रूप माना जाता है जिसे लोगों के द्वारा भगवान शिव को भी अर्पित किया जाता है। ब्रह्म कमल उच्च हिमालयी क्षेत्र का औषधीय पुष्प है। वर्तमान में ग्लोवल वार्मिंग के कारण ब्रह्म कमल पर भी इसका दुषप्रभाव पड़ रहा है। इसके संरक्षण हेतु वन विभाग के द्वारा कई प्रयास किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा केदारनाथ में पौधालय की स्थापना पूर्व के वर्षों में की गयी है, जहां पर ब्रह्म कमल की पौध तैयार कर प्रति वर्ष श्री केदारनाथ धाम के आस-पास खाली स्थानों पर रोपण किया जा रहा है, जिससे ब्रह्म कमल काफी मात्रा में उगने लगा है।

उन्होंने बताया कि भविष्य में बड़े स्तर पर ब्रह्म कमल को केदारनाथ धाम के आसपास रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है।



# शंकराचार्य स्वामी सरस्वती ने किए बदरीनाथ जी के दर्शन

चमोली : बदरीनाथ पहुंचने पर बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर सिंह पंवार ने शंकराचार्य का मदिर समिति की ओर से स्वागत किया। परिक्रमापथ पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शंकराचार्य ने देश में धर्मरक्षा के लिए बनीं चारपीठों और आदिगुरु शंकराचार्य की परंपरा का उल्लेख किया। कहा कि चार मठ की तरह चार पुरुषार्थ दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण है। कहा कि भगवान बदरीनाथ के दर्शन मात्र से ही मनुष्य पाप मुक्त हो जाता है। हर सनातनी को मार्यादित जीवन जीना चाहिए। (एजेंसी)

# शराब के नशे में बस दौड़ा रहा चालक गिरफ्तार, बस सीज

चमोली : जोशीमठ कोतवाली के एसआई संजय सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की एक यात्री वाहन जोशीमठ में काफी तेजी से लहराते हुए चल रहा है। बस में तीर्थ यात्री बैठे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने वाहन को रुकवाने का प्रयास किया, चालक ने बस नहीं रोकी। यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने बैरियर लगाकर बस को रोका। चालक धर्मेंदर सिंह नशे में मिला। मेडिकल जांच में शराब पीने पुष्टि हुई। बताया कि बस में मुंबई के 20 यात्री सफर कर रहे थे। जो कि 25 मई को दिल्ली से चारधाम यात्रा के लिए बस से आए थे। (एजेंसी)



# पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया

नई टिहरी : विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलेभर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के खतरों को न्यून करने के लिए सामूहिक प्रयास करने, जंगलों को वनाग्नि से बचाने, जल संवर्धन और संरक्षण को लेकर आगे बढ़ने का निश्चय भी लिया गया। वन विभाग, श्रीदेव सुमन विवि, विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल कल्याण समिति सहित कई संगठनों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर श्रमदान कर पौधरोपण किया। नगर पालिका टिहरी ने सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। टिहरी वन प्रभाग की भिलंगना और बालगंगा रेंज ने घनसाली में पर्यावरण के प्रति शपथ लेकर अवर लेंड अवर फ्यूचर के स्लोगन पर विभिन्न प्रजातियों के पौध लगाए। इस मौके वन रेंजर आशीष नौटियाल, प्रदीप चौहान, प्रोजेक्ट मैनेजर अमित माथुर, हरी प्रसाद नौटियाल, शिवप्रसाद सेमवाल, धर्मेंद्र पंवार, मनोज रावत, विकास पंवार मौजूद थे। नगर पालिका टिहरी ने सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ ढुंगीधार से पालिका कार्यालय तक विशाल जन जागरूकता रैली निकालकर प्लास्टिक का प्रयोग न करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत कूड़ा निस्तारण की अपील की। रैली में अनुराधा बाधानी, संजय घिल्डियाल, अंकुर चौहान, रेखा सकलानी, पूजा नेगी, अरविंद कुमार, गौतम कुमार, सफाई निरीक्षक आशीष तोपवाल, शिव सिंह सजवाण, सुनील भंडारी, बलबीर पंवार मौजूद थे। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से राड्स संस्था ने दिखोल गांव मे रैली के माध्यम से व जनसंपर्क कर पर्यावरण दिवस मनाया। इस मौके पर अध्यक्ष सुशील बहुगुणा, बीडीसी रेखा तोपवाल, कुंभीबाला, लक्ष्मी मौजूद थे।




# काश्तकारों की आर्थिक मजबूती का आधार बन रहा मत्स्य पालन

### ल्वांणी गांव गांव के 11 युवाओं ने तैयार किया मत्स्य पालन से आय का मॉडल

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जनपद के ल्वांणी गांव में मत्स्य पालन काश्तकारों की आर्थिक मजबूती का आधार बनने लगा है। यहां गांव के 11 युवाओं ने 2019-20 में मत्स्य पालन का कार्य शुरू किया। ऐसे में युवाओं के स्वरोजगार के इस मॉडल से घर बैठे हो रही आय को देख अब क्षेत्र के अन्य ग्रामीण भी मत्स्य पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने लगे हैं।

चमोली की नदियों में मिलने वाली ट्राउड मछली का स्वाद के देशभर के मछली के शौकीनों की पहली पसंद है। ऐसे में जनपद के देवाल ब्लॉक के ल्वांणी गांव में वर्ष 2018 में गांव के 11 युवकों ने मोहन सिंह बिष्ट गांववासी के सहयोग से देवभूमि मत्स्यजीवी सहकारिता समिति का गठन किया। समिति के माध्यम से उन्होंने वर्ष 2019-20 में 10 ट्राउड रेस वेज के साथ मत्स्य पालन शुरू किया। जिससे समिति अब प्रतिवर्ष 4 से 5 लाख की आय अर्जित कर रही है। युवाओं द्वारा अपनाए गए स्वरोजगार के इस मॉडल से प्रेरित होकर वर्तमान में ल्वांणी गांव में जहां अन्य ग्रामीणों की ओर से 20 ट्राउड रेस वेस स्थापित किए गए हैं। वहीं आसपास के गांवों में भी ग्रामीणों ने 40 ट्राउड रेस वेज स्थापित कर लिए गए हैं। समिति के बेहतर उत्पादन को देखते हुए विपणन की व्यवस्था के लिये जहां जिला प्रशासन ने समिति को पैकिंग प्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई है। वहीं मत्स्य विभाग की ओर से समिति को मत्स्य बीज उत्पादन के लिए ट्राउड हैचरी से लाभान्वित किया गया है। जनपद मत्स्य प्रभारी जगदम्बा कुमार ने बताया कि हैचरी से समिति जनवरी 2025 से बीज का उत्पादन शुरु कर देगी। जिससे समिति को प्रतिवर्ष 3 से 4 लाख तक की अतिरिक्त आय प्राप्त होने के साथ ही बीज के लिये क्षेत्रीय ग्रामीणों की बाजार पर निर्भरता खत्म हो जाएगी।



### मछली बीज हैचरी होगी विकसित

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि चमोली में मत्स्य पालन से युवाओं को जोड़कर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। जिसके लिये मत्स्य पालन विभाग की ओर से 24 मत्स्य जीवी सहकारी समितियां गठित कर मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा है।

जिनके विपणन से सहकारी समितियों से जुड़े युवा अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। जनपद में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए अन्य युवाओं को भी विभागीय योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। वहीं मछली बीज के लिये ग्रामीणों की बाजारों पर निर्भरता कम करने के लिये मछली बीज हैचरी विकसित भी की जा रही हैं।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com